हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 12 मार्च 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 21. 0 डिग्री

खोखरा जेल में जिला प्रशासन एवं पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई

4



## खबर संक्षेप

### कक्षा 10वीं की परीक्षा में नहीं बना नकल प्रकरण

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष के लिए कक्षा 10वीं विषय इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, हेल्थ केयर, आर्गनॉइज्ड रिटेलिंग, ऑटोमोबाईल-सर्विस टेक्नीशियन, एग्रीकल्चर, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेस एंड इन्शुरेंस एवं ब्यूटी एण्ड वेलनेस की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 805 दर्ज परीक्षार्थियों में से 782 उपस्थित और 23 अनुपस्थित रहे। विकासखंड अकलतरा में आज 108 परीक्षार्थियों में से 104 उपस्थित, 4 अनुपस्थित, बलौदा विकासखंड में 271 परीक्षार्थियों में से 261 उपस्थित, 10 अनुपस्थित, बम्हनीडीह विकासखंड में 215 परीक्षार्थियों में से 212 उपस्थित, 3 अनुपस्थित, नवागढ़ विकासखंड में 50 परीक्षार्थियों में से 48 उपस्थित, 2 अनुपस्थित, पामगढ़ विकासखंड में 161 दर्ज परीक्षार्थियों में से 157 उपस्थित, 4 अनुपस्थित थे। परीक्षा में नकल प्रकरण दर्ज नहीं किए गए हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन 24 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोंदा के आंगनबाड़ी केन्द्र 03 में आंगनबाड़ी सहायिक के पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 24 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण संबंधित ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 24 मार्च तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 से संपर्क किया जा सकता है।

### कल आएगी किसानों के खातों में राशि

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से शाम 5 बजे पात्र किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करेंगे। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के 1 लाख 24 हजार पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत 9.32 करोड़ किसानों के खातों में 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जाएगी।

### आरएएमपी योजना के अंतर्गत उद्योग-बैंकर्स मीट का आयोजन

**सक्ती।** आरएएमपी योजना के अंतर्गत एमएसएमई इकाइयों को वित्तीय सहयोग एवं बैंकिंग सुविधाओं तक सहज पहुंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सक्ती द्वारा गिरिराज रेन बसेरा, स्टेशन रोड सक्ती में उद्योग बैंकर्स मीट का आयोजन किया गया। उद्योगपतियों एवं उद्यमियों की उपस्थिति में विभिन्न बैंक शाखाओं और विभागीय अधिकारियों द्वारा उद्योगों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं ऋण सुविधाओं की जानकारी दी गई। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सक्ती द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया गया। जिला मिशन प्रबंधक द्वारा विभागीय स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए उद्यम स्थापना के लिए प्रेरित किया गया। बैंक शाखाओं के प्रतिनिधियों द्वारा ऋण प्रकरणों के लिए आवश्यक दस्तावेजों एवं बैंकिंग प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर प्रतिभागियों को बैंकिंग नियमों से अवगत कराया गया।

थोक में पकड़ी गाड़ियां, 2 सौ ट्रैक्टर डंप रेत की जब्ती

# रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन का सिलसिला नहीं थम रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिले में रेत का अवैध कारोबार तमाम कोशिशों के बावजूद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कहने को तो यहां आए दिन अवैध उत्खनन और परिवहन में लगी गाडियों को पकड़ने व अवैध रूप से डंप रेतों की जब्ती की कार्रवाई होती है बावजूद इसके रेत के के अवैध उत्खनन व परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है।

सक्ती जिले में सक्रिय रेत माफिया महानदी, सोन व बोराई नदी का सीना छलनी कर रहे है। यहां मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन धडल्ले से हो रहा है। ऐसा भी नहीं है कि इस दिशा में प्रशासन व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही हो, बावजूद इसके यह कारोबार हो रहा है।



इस तरह से होता है रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन।

### श्मशान घाट में रेत की डंपिंग, तहसीलदार ने बनाई जब्ती

**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सुलोनी के फुलवारी में करीब 200 ट्रैक्टर अवैध रूप से वोराई नदी से जेसीबी के माध्यम से रेत का उत्खनन कर ट्रैक्टर के माध्यम से डंपिंग किए गए रेत को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा रूपेंद्र पटेल के निर्देश पर अडभार तहसीलदार बिसाहिन बाई चौहान ने अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर डंपिंग किए गए रेत का जब्ती बनाई। साथ ही प्रतिवेदन अनुविभागीय विभागीय अधिकारी राजस्व को कार्यवाही करने के लिए भेजा है तो वही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने प्रतिवेदन को कार्यवाही करने के लिए खनिज विभाग को भेज दिया है। अब देखने वाली बात है कि खनिज विभाग पर कब तक कार्यवाही करता है। हर साल क्षेत्र के रेत माफियाओं द्वारा मोहदी कला तथा सुलोनी एनीकेट का गेट खोलकर पानी को बहा दिया जाता है और जेसीबी ट्रैक्टर के माध्यम से हजारों ट्रिप रेत का डंपिंग करके भारी मात्रा में मनमाने तरीके से रेत बेचकर मुनाफा कमाया जाता है। कहने को तो सक्ती छोटा जिला बन गया है लेकिन अभी भी अवैध रेत माफियाओं पर किसी प्रकार का डर नहीं रहा गया है।

### उड़नदस्ता ने की कार्रवाई, 11 वाहन आए पकड़ में

**सक्ती।** खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई करने अभियान चलाया। इस दौरान 11 वाहनों को जब्त किया गया। विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर में ईंट के अवैध परिवहन के 4 प्रकरण, हसौद में रेत के अवैध परिवहन के 2 प्रकरण, बिर्रा में ईंट के अवैध परिवहन का 1 प्रकरण, रेत का 1 प्रकरण तथा बोल्डर का 1 प्रकरण और बाराद्वार में अवैध रेत परिवहन के 2 प्रकरण दर्ज किए गए। इन सभी मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 11 वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों को संबंधित थाना जैजैपुर, हसौद, बिर्रा तथा बाराद्वार में सुरक्षार्थ रखा गया है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन के इन प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान और खनिज अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज अमले द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।



चोर गिरोह का पर्दाफाश करते पुलिस के अफसर।

# सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार, 2 फरार

## 3 सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से साढ़े 9 लाख से अधिक का माल बरामद किया है।

बुधवार 11 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का पर्दाफाश किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों सूने मकानों में हुई चोरी की वारदातों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देशन में अफसरों की टीम जांच पडताल में जुटी हुई थी। अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खपर्डे के नेतृत्व में निरीक्षक जेपी गुप्ता एवं सायबर थाना प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक की सक्रियता से जांजगीर क्षेत्र में सूने मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी राशि तथा चोरी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है। पकडे गए आरोपियों में जीत कुमार सूर्यवंशी उम्र 22 साल निवासी सुर्यवंशी मोहल्ला तोरवा बिलासपुर, गीता प्रसाद साहू उम्र 37 साल निवासी देवरीखुर्द बिलासपुर एवं खरीददार सूरज सोनी उम्र 34 साल निवासी गुड़ीपारा खरौद थाना शिवरीनारायण के साथ एक विधि से संर्परत बालक भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी फरार है। वह अपने साथियों के साथ जांजगीर क्षेत्र के सूने स्थानों और नहर किनारे स्थित मकानों की तलाश करता था। उनके कब्जे से सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी समेत साढ़े 9 लाख का माल बरामद किया गया। प्रकरण में मुख्य आरोपी सहित एक अन्य आरोपी फरार है।

**पडोसी की बाइक मांगकर निकले चोरी करने** -पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पडोसी की स्कूटी को बहाना बनाकर मांगा और वे चोरी के लिए निकले जांजगीर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद जेवरात को सूरज सोनी के पास बेच दिया। उसे भी आरोपी बनाया गया है। इस कार्रवाई में जांजगीर टीआई जेपी गुप्ता, सायबर थाना प्रभारी सागर पाठक सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने प्रतिष्ठानों में दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

घरेलु गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने खाद्य विभाग की टीम द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में दबिश दी गई। इस दौरान गैस चूल्हा व रेगुलेटर को जब्त किया गया।

ज्ञात हो कि घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति निर्बाध सुनिश्चित करने एवं घरेलू गैस सिलेंडर के कालाबाजारी की रोकथाम करने हेतु खाद्य विभाग की टीम द्वारा जिला जांजगीर चांपा में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं होटलों में छापामार कार्यवाही की गई। चांपा स्थित करणी भोजनालय, पंजाब हवेली रेस्टोरेंट, जलाराम भोजनालय, होटल सुमित इन की जांच की गई, जहां व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग पाया गया, जबकि इसी तारतम्य में नगर पालिका चांपा के स्टेशन रोड स्थित होटल श्री गणेश में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर ग्राहकों के लिए भोजन पकाया जा रहा था। घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने फलस्वरूप होटल के प्रोपराइटर राजेश तिवारी के कब्जे से दो नग घरेलू गैस सिलेंडर, एक नग प्रेशर रेगुलेटर, एक नग गैस पाइप एवं एक नग गैस चूल्हा जब्त किया गया। रेलवे स्टेशन चांपा के होटल सोना में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर नाश्ता पकाया जाना पाया गया। होटल सोना की प्रोपराइटर प्रेमलता यादव के कब्जे से दो नग गैस सिलेंडर, एक नग प्रेशर रेगुलेटर, एक नग गैस पाइप एवं एक नग गैस चूल्हा जब्त किया।



## राज्यपाल से मिले पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ...



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका से रायपुर लोक भवन में जाकर सौजन्य भेट किया। इस दौरान काफी देर तक दोनों के बीच अनेक विषयों पर चर्चा हुई।

# अलग अलग जगहों पर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। बताया जाता है कि आरोपियों ने तीन अलग अलग जगहों पर चोरी की थी। उनके कब्जे से 3 लाख 70 हजार का माल बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की वारदातों की जांच में जुटी बलौदा पुलिस टीम ने आरोपी गणेश केवट उर्फ बुट्टी पिता सुखनंदन केवट उम्र 24 वर्ष निवासी औराभोई पारा हरदी महामाया, रोशन बरेठ पिता संतोष बरेठ उम्र 18 वर्ष निवासी हरदी महामाया थाना बलौदा एवं दिनेश बरेठ पिता राजकुमार बरेठ उम्र 20 वर्ष निवासी हरदी महामाया थाना बलौदा को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी दाऊ राम साहू पिता स्वी शिवदयाल उम्र 82 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 हरदी महामाया के घर 17 जनवरी को चोरी हुई थी। इसी प्रकार दो अन्य चोरी की वारदातें भी हुई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से तकरीबन 3 लाख 70 हजार का माल बरामद किया गया है। बहरहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# नवविवाहता की मृत्यु मामले में पति समेत 4 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवविवहिता की मृत्यु मामले में पुलिस ने पति समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम खोखरी का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम खोखरीमें नव विवाहिता ने 11 फरवरी की रात्रि में घर साड़ी से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। नव विवाहिता की मृत्यु के मामले में गंभीरता से जांच करते हुए मृतिका की परिजनों का कथनानुसार 16 अप्रैल 2025 को सामाजिक रिती रिवाज से धर्मेन्द्र निर्मलकर के साथ शादी हुई थी शादी के दो माह बाद पति, सास शिव कुमारी निर्मलकर, देवर मनोज निर्मलकर तथा मौसी सास तेरस बाई निर्मलकर द्वारा उसे दहेज में बाइक लाने की बात को लेकर प्रताडित करते थे। पुलिस ने पति धर्मेन्द्र निर्मलकर, सास शिव कुमारी निर्मलकर, देवर मनोज निर्मलकर तथा मौसी सास तेरस बाई निर्मलकर को पकड़ा जिसको पूछताछ करने पर नवविवाहिता दहेज के नाम से प्रताडित करना पाये जाने से गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है।

## गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को होती है अधिक परेशानी

# सरकारी एवं निजी अस्पतालों के डॉक्टर लिख रहे जेनेरिक की जगह ब्रांडेड दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के ज्यादातर सरकारी एवं निजी डॉक्टर मरीजों के लिए जेनेरिक दवा लिखने के बजाय ब्रांडेड दवा लिख रहे। ऐसे में मजबूरन मरीज एवं उनके परिजनों को अधिक दामों में दवाई खरीदने की मजबूरी बनी हुई है, जबकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर श्री धन्वंतरि जनरल मेडिकल स्टोर्स की शुरूआत की जा चुकी है।



गौरतलब है कि जिले के ज्यादातर सरकारी एवं निजी डॉक्टर अस्पताल में उपचार कराने वाले मरीजों के लिए सस्ती जेनेरिक दवा के बजाय ब्रांडेड दवा लिख रहे हैं। ऐसे में मध्यम एवं गरीब वर्ग से आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों के लिए महंगे दामों में ब्रांडेड दवा खरीदना मुश्किल हो जाता है। राज्य शासन के स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा शहरी क्षेत्र में रहने वाले मध्यम एवं गरीब वर्ग के लोगों को सस्ते दामों में जेनेरिक दवा प्राप्त हो सके इसके लिए जिले के चार नगर पालिका एवं 11 नगर पंचायतों में श्री धनवंत्री मेडिकल स्टोर की शुरुआत की गई है। इस मेडिकल स्टोर खोलने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को कम दामों में सस्ती दवा उपलब्ध करानी है, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों का उपचार करने वाले डॉक्टर ब्रांडेड दवा लिख रहे हैं, जबकि शासन के आदेश के मुताबिक मरीज एवं उनके परिजनों के लिए जेनेरिक दवा लिखा जाना है, लेकिन इस आदेश का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में इसका लाभ मरीज एवं उनके परिजनों को नहीं मिल पा रहा। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित चांपा, सक्ती ,अकलतरा, बलौदा, मालखरौदा, बाराद्वार सहित अन्य क्षेत्रों में जेनेरिक दवा दुकान खोला गया है, लेकिन जानकारी एवं डॉक्टरों की लापरवाही के कारण इसका लाभ जरूरतमंद मरीज एवं उनके परिजनों को नहीं मिल पा रहा है। जांजगीर, अकलतरा, सक्ती, बाराद्वार चांपा आदि क्षेत्रों में सरकारी एवं निजी डॉक्टर मरीजों का उपचार करते हैं, लेकिन वे मरीजों के लिए ब्रांडेड दवा लिख देते है, जिसका लाभ मेडिकल दुकान संचालक एवं डॉक्टरों को होता है, लेकिन मरीज इससे महरूम रह जाते हैं। जिले के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज उपचार कराने के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं लेकिन वह जेनेरिक दवा नहीं लिखते हैं।

### जारी किए हैं दिशा निर्देश

सरकारी एवं निजी अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टरों को मरीजों को सस्ती जेनेरिक दवा उपलब्ध करानी है ताकि गरीब एवं मध्यम वर्ग से आने वाले लोग सस्ते दामों में दवा खरीद सके। इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।

**-डॉ. अनिता श्रीवास्तव,**
प्रभारी सीएमएचओ
जांजगीर चांपा

# शराब पीने से रोकने पर पुत्र ने मां पर किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब पीने से रोकने पर बेटे ने मां पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ी का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च को सुबह आरोपी दयाशंकर कश्यप का अपनी मां से विवाद हो गया था। उसकी मां उसे बार-बार शराब पीने से मना करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिस पर गुस्से में आकर दयाशंकर कश्यप ने टांगी से अपनी मां के गले पर प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे काफी खून निकला, घटना की सूचना पर थाना नवागढ़ पुलिस ने के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। थाना नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दयाशंकर को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में 85 पदों पर होगी भर्ती, विभाग ने शुरु की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शिक्षकों की समस्या से जूझ रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को नए शिक्षण सत्र में शिक्षक और गैर शिक्षकीय स्टाफ मिल जाएंगे। इनकी भर्ती के लिए जिला शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरु कर दी है। लगभग 85 पदों के लिए भर्ती पूरी की जाएगी। आने वाले सप्ताह में विभाग के द्वारा इसकी प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी।

जिले में कुल 15 इंग्लिश मीडियम स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित है जो पिछले 3 वर्षों से शिक्षकीय और गैर शिक्षकीय स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। लगातार शिक्षकों की कमी होने से स्कूलों में प्रभावित होने वाली पढ़ाई के मुद्दे को लेकर स्कूल के छात्र छात्राएं और अभिभावकों के द्वारा भी शिक्षकीय व्यवस्था के सुधार हेतु जिला प्रशासन से कई बार गुहार लगाई थी। पिछले शैक्षणिक सत्र में शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षक और गैर शिक्षकीय स्टाफ के संविदा भर्ती की प्रक्रिया शुरु की थी और उसके लिए वर्ष 2023 में मंगाए गए पुराने आवेदनों से ही अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था और उसमें भी शिक्षकों के कई पदों के लिए अभ्यर्थी ही नहीं मिले। परिणाम स्वरुप 80 से ज्यादा पद खाली रह गए। अब उन पदों पर नए सिरे से संविदा भर्ती अधिनियम के तहत भर्ती की प्रक्रिया शुरु की जाएगी। जिला शिक्षा विभाग के द्वारा आने वाले सप्ताह में सभी रिक्त पदों में भर्ती हेतु प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी। विभाग के द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि शैक्षणिक सत्र के जून माह तक भर्ती की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएं।

## बीते वर्ष हुई भर्ती में सभी पदों के लिए नहीं मिल सके थे अभ्यर्थी

**खास बातें**

- जिले में 15 इंग्लिश मीडियम स्कूल हैं संचालित
- नए सत्र से नहीं रहेगी शिक्षकों की कमी




**शुरु होगी भर्ती प्रक्रिया**

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षकों की संविदा भर्ती के लिए प्रक्रिया शीघ्र शुरु की जाएगी। जिसके लिए कुल 85 पद तय किए गए हैं जिनके लिए आवेदन देने की प्रक्रिया आने वाले सप्ताह में शुरु कर दी जाएगी।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

## क्राइम की खबरें

### खरवानी में जनजागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम खरवानी में जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल अर्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, स्व सहायता समूहों तथा ग्राम जल स्वच्छता समिति की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्रीमती गोदावरी राठौर, जनपद सदस्य लखन अनुसुइया राठौर, ग्राम पंचायत के सरपंच घासी राम कंवर एवं उपसरपंच कमल कुमार उपस्थित रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कार्यपालन अभियंता रमन उरांव, सहायक अभियंता सत्यनारायण कंवर तथा अभियंता वीरेंद्र सिंह की उपस्थिति रही।

### जिला महिला कांग्रेस कमेटी का विरोध प्रदर्शन



**कोरबा।** महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निदेशन पर एवं राष्ट्रीय महासचिव फुलोदेवी नेताम के मार्गदर्शन में जिला महिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन सीरियल रेपिस्ट एपस्टीन फाइल्स में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नाम का खुलासा होने पर किया गया। इस दौरान महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि कितनी शर्म की बात है कि भारत के केंद्रीय मंत्री का नाम सीरियल रेपिस्ट एपस्टीन फाइल्स में आता है और देश के प्रधानमंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी भी अपने पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। ग्रामीण महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभासिंह तंवर ने कहा कि आज देश जवाब मांग रहा है। इस मामले की सच्चाई क्या है हमारे प्रधानमंत्री जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं, जबकि उन्हें ऐसे गंभीर मामले के विषय पर आगे आना चाहिए और देश के सामने सच्चाई रखकर सार्थक कार्यवाही करना चाहिए। कार्यक्रम में शशिलता पांडेय, सीमा कुर्रे, शांता मंडावे, पुष्पा पात्रे, माधुरी ध्रुव, रीता वर्मा, शांति ठाकुर, किरण साहु, मानसी महंत, कृष्णा रजक, संगीता यादव, लक्ष्मी मरकाम, निशा, ईशा मानिकपुरी, नीता जायसवाल, मीरा सिंह, मनीषा जायसवाल, मीरा अग्रवाल सहित महिला कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाल विवाह के खिलाफ किया जागरुक छात्रों और पंचायतों को दिलाई गई शपथ

**कोरबा।** जिले में बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर यह अभियान गांवों और कस्बों में केंद्रित रहा। सांसद ज्योत्सना महंत ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस मुक्ति रथ ने जिलेभर में भ्रमण किया और दूरस्थ पंचायतों तथा गांवों तक पहुंचा। अभियान से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा गया। रथ ने लोगों को बाल विवाह के स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका पर पड़ने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया, साथ ही इसके कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए समझाया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने पर भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 4 दिसंबर को देशव्यापी 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की घोषणा की थी। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठनों ने इस अभियान का नेतृत्व करते हुए देश के 439 जिलों में बाल विवाह मुक्ति रथ निकाले।

### स्ट्रीट लाइट व चेतावनी साइन बोर्ड लगाने की मांग

**ढेलवाडीह।** कटघोरा बायपास मार्ग से लगे ग्राम जेंजरा, पतरापाली, ढेलवाडीह एवं सुतर्रा के क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन तथा कई स्थानों पर खतरनाक मोड़ के कारण क्षेत्रीय नागरिकों, विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है। मार्ग में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट एवं चेतावनी साइन बोर्ड नहीं होने से दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। इस संबंध में ढेलवाडीह के उप सरपंच मुकेश सिंह उसरवर्षा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा को आवेदन देकर स्ट्रीट लाइट तथा चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

## कोलकाता में आयोजित की गई शीर्ष संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक

# एपेक्स जेसीसी की बैठक में अनुकंपा नियुक्ति का उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की शीर्ष संयुक्त सलाहकार समिति (एपेक्स जेसीसी) की बैठक कोलकाता मुख्यालय में संपन्न हुई। जिसमें यूनियन प्रतिनिधियों के साथ वेतन, अनुकंपा के आधार पर नौकरी और अन्य लंबित मुद्दों पर चर्चा की गई। कोलकत्ता में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में कोयला उद्योग के कई प्रमुख मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया गया।

**खास बात**

- 25 लाख रुपए की ग्रेज्युटी और हर माह के पहले व दूसरे दिन वेतन भुगतान की उठी मांग

कोलकत्ता में आयोजित में एपेक्स जेसीसी की बैठक में श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने अनुकंपा नौकरी, वेतन सहित अन्य मुद्दों को लेकर अपनी मांगे रखी। श्रमिक नेताओं की मांगों को सुनने के बाद अनुकंपा नौकरी पर प्रबंधन ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी के मामले में लचीला रुख दिखाया जो पहले एक प्रमुख विवादित मुद्दा था। इसी तरह कोल कर्मियों के वेतन सहित अन्य मुद्दों पर भी यूनियन प्रतिनिधियों ने चर्चा की। इस दौरान बैठक में हंगामे की स्थिति भी देखने को मिली। बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया के चेयरमेन ने की। बैठक में कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी और यूनियन के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान 25 लाख रुपए की ग्रेच्युटी और हर महीने के पहले व दूसरे दिन वेतन भुगतान जैसे प्रमुख मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रबंधन ने कई मुद्दों पर सहमति जताते हुए समाधन की बात कही।

### ठेका श्रमिकों के लिए बायोमैट्रिक हाजिरी की मांग




बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एबीकेएमएस ने संगठन की ओर से मुद्दे उठाते हुए कहा कि बैठक के विचार-विमर्श, निर्णयों को गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए और इसके लिए एक निगरानी प्रकोष्ठ होना चाहिए। सीआईएल स्तर की बैठकें जैसे सुरक्षा, कल्याण, मानकीकरण, सीपीआरएमएस आदि अधिक होनी चाहिए। मांग आधारित उत्पादन किया जाना चाहिए और अतिरिक्त कोयले को जलाने से बचा जाना चाहिए। जैसा कि पहले सहमति हुई थी कि सभी यूजी खदानों में मैनराइडर्स प्रदान किए जाने चाहिए और महिला कल्याण समितियों का गठन किया जाना चाहिए और उन्हें कार्यात्मक बनाया जाना चाहिए। सभी ठेका, आउटसोर्सिंग श्रमिकों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए और एचपीसी वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए।

## हिन्दू नववर्ष... सजा शहर




**कोरबा।** हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्र पर हिन्दू क्रांति सेना द्वारा शहर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्य मार्गों सहित चौक चौराहों में आकर्षक लाइटिंग की सजावट की गई है। (फोटो : गुलशन बैरागी)

# सोफे में छिपा था कोबरा, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**कोरबा।** रिसदी क्षेत्र निवासी लक्ष्मी के घर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब परिवार के लोगों को सोफे के अंदर से फुंकारने की आवाज सुनाई दी। पहले तो किसी को समझ नहीं आया कि आवाज कहां से आ रही है, लेकिन जब ध्यान से देखा गया तो पता चला कि सोफे के अंदर एक जहरीला कोबरा छिपा हुआ है। यह देखकर घर के लोग घबरा गए और तुरंत आरसीआरएस के सदस्य सागर को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आरसीआरएस के सदस्य अविनाश यादव मौके पर पहुंचे और सोफे के अंदर छिपा कोबरा का रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया।

# जिले के हर वनांचल गांव तक पहुंचाई जाएगी बिजली: कंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर कोरबा प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने वनांचल क्षेत्र लेमरू में ट्रांसफॉर्मर स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। जिससे वर्षों से बिजली से वंचित गांवों को स्थायी बिजली पहुंचने का रास्ता साफ हो गया है।

**खास बातें**

- एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे सीएसपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक
- दूधीटांगर के पहाड़ी कोरवाओं को जल्द मिलेगी बिजली, पुटामुड़ा से खींची जाएगी लाइन



भूमिपूजन करते हुए अधिकारी।

प्रवास के दौरान प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर ने कहा कि कोरबा जिला ऊर्जा नगरी के नाम से जाना जाता है और विभाग का प्रयास है कि जिले के हर वनांचल गांव तक बिजली पहुंचाई जाए, ताकि वहां रहने वाले लोगों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इसके बाद प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर देवपहरी स्थित गौमुखी सेवा आश्रम भी पहुंचे। यहां उन्होंने सिद्धिदात्री माता मंदिर में दर्शन-पूजन किया और हींगलाजगढ़ माता मंदिर में भी मत्था टेका। आश्रम के लोगों ने उन्हें बिजली आपूर्ति और पानी की समस्या से अवगत कराया। इस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को गौमुखी सेवा आश्रम में 200 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने के निर्देश दिए, ताकि बिजली और पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। लेमरू क्षेत्र के करीब पांच गांव दूधीडांगर, गुडुमाटी, छाती बहार, सरई टिकरा और बंधनीडाँड़ अब तक केवल सोलर लाइट के भरोसे ही रोशन होते थे। इन गांवों में स्थायी बिजली लाइन नहीं होने से ग्रामीणों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब ट्रांसफॉर्मर स्थापना और बिजली लाइन पहुंचने से इन गांवों में स्थायी विद्युत आपूर्ति शुरू हो सकेगी, जिससे ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। इन गांवों में मुख्य रूप से आदिवासी समुदाय की विशेष जनजातियां पंडो, कोरवा, मांझी और धनवार निवास करते हैं।

### विद्युत सप्लाई के दिए निर्देश

ग्राम लेमरू के आश्रित गांव धवईबारी के ग्रामीणों ने भी अपनी समस्या प्रबंध संचालक के सामने रखी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक बिजली लाइन तो पहुंच गई है, लेकिन नियमित विद्युत सप्लाई नहीं होने के कारण पानी की भारी समस्या बनी हुई है। गांव में पानी की टंकी और बोरवेल होने के बावजूद बिजली नहीं होने से पानी सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। इस पर प्रबंध संचालक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द यहां विद्युत सप्लाई को सुचारू रूप से शुरू करने के निर्देश दिए।

# ई-ऑक्सन में प्रतिटन कोयले में छूट देने पर हो रहा विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने कोयला डिस्पैच बढ़ाने के लिए ई-ऑक्शन में 100 से 300 रुपए प्रति टन तक का डिस्काउंट देने की योजना बना रहा है। फरवरी माह में एसईसीएल का डिस्पैच मात्र 4.3 मिलियन टन रहा है, जो लक्ष्य से पीछे है। मार्च में डिस्पैच लक्ष्य को हासिल करना जरुरी है जिससे कंपनी को घाटे से बचाया जा सके।

कोयला डिस्पैच बढ़ाने के लिए एसईसीएल ने ई-ऑक्शन में 100 रुपए से 300 रुपए तक प्रतिटन डिस्काउंट यानी दर में कमी करने का निर्णय लिया है। इसके पूर्व कंपनी ने डिस्पैच बढ़ाने के लिए पीआई को घटा दिया था। अपेक्षित डिस्पैच नहीं बढ़ने पर अब ई-ऑक्शन कोयले में ग्राहकों को राहत देने का निर्णय लिया गया है। विभिन्न स्लैब में दर में कमी की गई है। ई-ऑक्शन में डिस्काउंट देने का निर्णय लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जो जितना ज्यादा कोयला ई-ऑक्शन में लेगा, उसे डिस्काउंट का उतना ज्यादा लाभा होगा। एसईसीएल इन दिनों कोयले की मांग घटने से परेशान हैं। फरवरी महीने में एसईसीएल का डिस्पैच महज 4.3 मिलियन टन रहा। मुनाफे के लिए कम से कम 38 मिलियन टन डिस्पैच करना होगा।

# भूजल दोहन रोकने पीएचई के पास नहीं है कोई अधिकार



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गर्मी के दस्तक देते ही दिनों दिन तापमान में बढ़ोतरी होती जा रही है। इसी के साथ कुछ क्षेत्रों में पेयजल की समस्या भी खड़ी हो रही है वहीं दूसरी ओर भूजल का बेधड़क दोहन हो रहा है। जिस पर रोक लगाने के लिए पीएचई विभाग के पास कोई अधिकार नहीं है। इसके लिए पूरा अधिकार केंद्रीय भूजल बोर्ड के पास मौजूद है जिस तक जिले में हो रहे भूजल दोहन की खबर ही नहीं पहुंचती।

**खास बात**

- बेधड़क हो रहा है जिले में भूजल का दोहन
- केन्द्रीय भूजल बोर्ड की जिम्मेदारी है दोहन रोकने की

केंद्रीय भूजल बोर्ड के जिम्मे ही भूजल स्रोत के उपयोग करने के लिए अनुमति देने का प्रावधान है और बिना अनुमति कहीं भी भूजल के उपयोग पर रोक की कार्यवाही का अधिकार केंद्रीय भूजल बोर्ड के पास है। यही कारण है कि जिले का पीएचई विभाग भूजल दोहन के मामले में किसी भी तरह की कार्यवाही करने में अपने आपको अक्षम पाता है। गर्मी का मौसम आते ही पेयजल संकट की स्थिति शहर, उपनगरीय क्षेत्रों में गहराने लगती है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां पानी के लिए हैंडपंप या फिर नगर निगम के पानी का ही सहारा रहता है। वर्तमान में जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में जगह जगह ईंट भट्ठे लगे हुए हैं जहां बड़े बड़े बोर खनन कर भूजल का व्यवसायिक उपयोग बेधड़क किया जा रहा है इससे ईंटभट्ठों के क्षेत्र वाले आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में पानी का स्तर नीचे जाने लगा है। पीएचई विभाग की मानें तो भूजल के दोहन को रोकने के लिए पूरी तरह से केंद्रीय भूजल बोर्ड को कार्यवाही का अधिकार दिया गया है। जहां कहीं किसी कारणवश पेयजल के दूषित होने जैसी स्थिति आती है उसके लिए पेयजल परीक्षण अधिनियम जरुर लागू है।

### केवल अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का अधिकार

जहां कहीं भी खदान क्षेत्र आता है या कोई छोटे औद्योगिक क्षेत्र हैं वहां अगर कोई बड़ा बोर का कार्य किया जा रहा है तो उसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पास केवल अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का अधिकार है और खनन के लिए भी केंद्रीय भूजल बोर्ड ही अनुमति दे सकता है। शहर के औद्योगिक परिक्षेत्र खरमोरा में संचालित प्रतिष्ठानों में बड़े बड़े बोर चल रहे हैं। उनके लिए अनुमति देने का कार्य भूजल बोर्ड करता है।

**दोहन रोकने की जिम्मेदारी भूजल बोर्ड की**

भूमिगत जल के दोहन रोकने के लिए कार्यवाही का अधिकार केंद्रीय भूजल बोर्ड के पास मौजूद है। कहीं भी बोर खनन के लिए अगर खदान क्षेत्र में अनुमति मांगी जाती है तो पीएचई विभाग के पास इसके लिए केवल अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का ही अधिकार है। -

**रमन उरांव,** कार्यपालन अभियंता पीएचई

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 96/ब-121/2025-2026
ग्राम- कोटिया तहसील-शिवरीनारायण
आवेदक श्री विश्वप्रताप सोनवानी उम्र 33 वर्ष पिता स्व. श्री गणेशराम सोनवानी जाति सतनामी निवासी ग्राम कोटिया तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका हुलसी उम्र 29 वर्ष पिता श्री लिलाम्बर जाति चन्द्राहू निवासी सकर्रा तहसील अड़भार थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)
**बनाम**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**ईश्तहार**
आम जनता ग्राम कोटिया तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विश्वप्रताप सोनवानी उम्र 33 वर्ष पिता स्व. श्री गणेशराम सोनवानी जाति सतनामी निवासी ग्राम कोटिया तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका हुलसी उम्र 29 वर्ष पिता श्री लिलाम्बर जाति चन्द्राहू निवासी सकर्रा तहसील अड़भार थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 18.03.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 25.02.2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**अपर कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रकाश चन्द्र अग्रवाल (PRAKASH CHANDRA AGRAWAL) पिता बजरंग लाल अग्रवाल (BAJRANG LAL AGRAWAL) निवासी हाउस नंबर 17, वार्ड नं. 09, सुभाष चौक, चाम्पा, जिला : जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ मैंने अपना यह पुराना नाम प्रकाश अग्रवाल (PRAKASH AGRAWAL) को त्याग कर प्रकाश चन्द्र अग्रवाल (PRAKASH CHANDRA AGRAWAL) नया नाम रख लिया हूँ। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम प्रकाश चन्द्र अग्रवाल (PRAKASH CHANDRA AGRAWAL) से ही जाना-पहचाना जावे।
**प्रकाश चन्द्र अग्रवाल**
**(PRAKASH CHANDRA AGRAWAL)**
निवासी हाउस नंबर 17,
वार्ड नं. 09, सुभाष चौक, चाम्पा,
जिला : जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

**फार्म 37 [नियम 61 (3 देखें)]**
**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय......
रेफ्री संख्या 303 दिनांक 16/02/26
श्री/श्रीमती/कुमारी Raju Bhardwaj (रजिस्टर्ड है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि Indusind Bank LTD (Financio) है/ ने सूचित किया है कि उसने/उन्होंने मोटर वाहन अरार पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या CG 11 AM-5686 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद /पट्टे /उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और :
1. आपने उसे/उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके/उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र। अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है यह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण कर प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।
तारीख..
पंजीकरण प्राधिकरण को हस्ताक्षर
जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।
सेवा
(1) फाइनेंसर Indusind Bank LTD Add. Link Road Janjgir champa-495668
(2) Raju Bhardwaj S/o Devram Bhardwaj Add-WN. 09, Vill. Odekera Jaijaipur, Janjgir-champa 495690 Mo. 7999915667
(रजिस्टर्ड पोस्ट पावती देये द्वारा भेजा जाना है)

**जाँजगीर मार्केट**

**फर्नीचर**
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

**DR. ABHIMANYU'S**
**AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL**
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
**समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज**
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।



लाइफ Style

# अनीत

## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



### अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

### 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन


*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

### 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

### बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



### घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

### कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

### बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

## खबर संक्षेप

### भूविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति ने मनाया होली मिलन समारोह



**अकलतरा।** नगर पंचायत नरियरा के भगत कुआं मंदिर परिसर में जे एस डब्लू, के एस के भूविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति के सदस्यों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक निजी जीवन बीमा कंपनी जिसको जे एस डब्लू प्लांट के द्वारा भूविस्थापित किसानों(पेंशन धारकों) से चर्चा के लिए भेजा गया था, उनसे बीमा संबंधी अलग अलग तथ्यों पर चर्चा हुई, चर्चा का सकारात्मक परिणाम निकला। बीमा कंपनी के द्वारा सभी सदस्यों के सदस्यों क उम्र, बी सी नंबर, नॉमिनी, मोबाइल नंबर इत्यादि जानकारी कंपनी को जमा करने का निर्देश दिया गया। भू विस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति के पदाधिकारीयों के द्वारा रविवार तक समिति के सदस्यों की समस्त जानकारी निजी बीमा कंपनी एवं जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड को जमा करने की बात कही गई।

### मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों की एम्स रायपुर में होगी निःशुल्क सर्जरी

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य के मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों की सर्जरी भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में निःशुल्क कराई जा रही है। उक्त शिविर में जिला सक्ती के मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को एम्स रायपुर ले जाने एवं वापस लाने के लिए समाज कल्याण विभाग, जिला सक्ती द्वारा निःशुल्क आवागमन की व्यवस्था की गई है। जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो मोतियाबिंद से पीड़ित हैं, वे इस शिविर में शामिल होकर निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी करा सकते हैं। शिविर में शामिल होने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिक अपना आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ 20 मार्च तक जिला कार्यालय समाज कल्याण, जिला सक्ती में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मनोज कुमार साहू से संपर्क किया जा सकता है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने लू से सावधानी बरतने की अपील

**सक्ती।** जिले में मार्च माह से ही भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचने और दोपहर से रात तक गर्म हवाएं चलने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है तथा लू की स्थिति बनने लगी है। इसे देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया है कि जब तापमान अपेक्षित स्तर से काफी अधिक हो जाता है और कई दिनों तक गर्म हवाएं चलती रहती हैं, तब लू की स्थिति बन जाती है। तेज धूप में अधिक समय तक रहने से शरीर में मौजूद पानी और खनिज लवण पसीने के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है और लू लगने की संभावना बढ़ जाती है। कलेक्टर श्री तोपनो ने नागरिकों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से तेज धूप में बाहर न निकलें। यदि बहुत जरूरी हो तो बाहर निकलने से पहले पर्याप्त पानी या भोजन कर लें तथा सिर को टोपी, गमछा या कपड़े से ढककर रखें। धूप में निकलते समय आंखों पर चश्मा लगाने और समय-समय पर पानी अथवा अन्य तरल पदार्थ पीते रहने की सलाह भी दी गई है। यदि किसी व्यक्ति को लू के लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार स्थान पर ले जाकर आराम कराएं, शरीर को ठंडे पानी से पोंछें तथा आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाएं। जिला प्रशासन ने कहा है कि गर्मी के इस मौसम में सभी लोग लू के प्रभाव को गंभीरता से लें और आवश्यक सावधानी बरतते हुए सुरक्षित रहें। आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल पहुंचाने के लिए विभागीय एम्बुलेंस एवं संजीवनी एक्सप्रेस 108 की सेवा ली जा सकती है।

### हसौद में तहसीलदार ने किया पदभार ग्रहण, कार्यो का लिया जायजा

**हसौद।** सक्ती जिले के हसौद तहसील में नवपदस्थ तहसीलदार गरिमा मनहर ने बुधवार 11 मार्च को तहसील कार्यालय पहुंचकर रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने तहसील कार्यालय के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और कार्यालयीन कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रीडर सहित तहसील स्टाफ को कई आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि तहसील कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से निराकरण किया जाए। नवनियुक्त तहसीलदार ने राजस्व से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता और जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा हाल ही में जिले के पांच तहसीलदारों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार हसौद के तहसीलदार रविशंकर राठौर का स्थानांतरण बाराद्वार तहसील कर दिया गया है, जबकि बाराद्वार में पदस्थ तहसीलदार गरिमा मनहर को हसौद तहसील की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार जिले के अन्य तहसीलदारों के भी तबादले किए गए हैं, जिनमें चंद्रपुर, जैजैपुर और सक्ती तहसील के तहसीलदार शामिल हैं। प्रशासनिक दृष्टि से किए गए इन स्थानांतरणों को जिले में राजस्व व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सभी बैरकों की ली गई सघन तलाशी, बारीकी से किया निरीक्षण

# खोखरा जेल में जिला प्रशासन एवं पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला जेल खोखरा में जिला प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सभी बैरकों की सघन तलाशी ली गई। साथ ही जेल की रसोई एवं अन्य स्थानों का टीम ने निरीक्षण किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण कार्य अपर कलेक्टर एवं एडीशनल एसपी की संयुक्त टीम द्वारा की गई है।

ज्ञात हो कि बुधवार 11 मार्च को खोखरा स्थित जेल में उस समय हड़कंप मच गया, जब जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम औचक निरीक्षण और छापामार कार्रवाई के लिए पहुंची। कार्रवाई के दौरान प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने जेल परिसर के सभी बैरकों की सघन तलाशी ली तथा जेल की रसोई और अन्य स्थानों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इस संयुक्त छापामार कार्रवाई में जिला प्रशासन की ओर से एडिशनल कलेक्टर, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी शामिल थे, वहीं पुलिस विभाग की ओर से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एडीशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप, उप पुलिस अधीक्षक अजाक सतरूपा तारम एवं सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे पुलिस की टीम मौजूद रही।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल के सभी बैरकों में जाकर तलाशी अभियान चलाया और सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ कैदियों के रहने और भोजन व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके अलावा जेल की रसोई, परिसर और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष में दो बार जेल का औचक निरीक्षण करने का प्रावधान है। इसी के तहत जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने खोखरा जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण की संयुक्त टीम द्वारा बैरकों का निरीक्षण करके तलाशी अभियान भी चलाया गया है। टीम ने भोजन व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके अलावा जेल की रसोई, परिसर और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भी निरीक्षण किया गया। हालांकि जांच के दौरान जिला जेल खोखरा में किसी तरह की खामियां सामने नहीं आई है। वहीं अपर कलेक्टर एवं एसडीशनल एसपी की अगुवाई मेंपहुंची टीम के द्वारा जिला जेल प्रबंधन को व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर निर्देशित किया गया है।



जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे अपर कलेक्टर एवं एसडीशनल एसपी की संयुक्त टीम।



शिविर में लोगों की समस्याओं का निराकरण करते अफसर।

## राजस्व पखवाड़ा के तहत प्राप्त आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

### पामगढ़ ब्लाक के ग्राम कोसा व लगरा में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़.

पामगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत कोसा व लगरा में राजस्व पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से प्राप्त 10 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग से जुडे अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ साथ ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गौरतलब है कि कलेक्टर के आदेश पर 6 मार्च से जिले में जन समस्याओं तथा लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त परिपेक्ष्य में अनुभाग पामगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर के तंबोली के निर्देश पर 11 मार्च को ग्राम पंचायत कोसा एवं ग्राम पंचायत लगरा में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व शिविर में ग्राम पंचायत कोसा अंतर्गत 1 त्रुटि सुधार, 3 फौती नामांतरण एवं अन्य 5 कुल 10 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है सभी आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण कर दिया गया है। ग्राम पंचायत लगरा अंतर्गत 1 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है जिसक निराकरण कर दिया गया है। जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का मौके पर तत्काल निराकरण तहसीलदार व नायब तहसीलदार एवं पटवारियों के माध्यम से किया जा रहा है। कलेक्टर के आदेश पर 6 मार्च से जिले में जन समस्याओं तथा लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पामगढ़ एसडीएम के निर्देश पर कोसा व लगरा में राजस्व शिविर के तहत मिले 10 आवेदनों का मौके पर ही निराकृत किए गए।

## सर्व सम्मति से ग्राम सभा अध्यक्ष चुने गए यादव




**खरौद।** छत्तीसगढ़ रतनपुरिहा कनौजिया यादव समाज खरौद के ग्राम सभा इकाई के अध्यक्ष के चुनाव के लिए 9 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक आयोजित की गई। यहां उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मत से नए-ग्राम सभा अध्यक्ष के चुनाव की बात कही। इस प्रक्रिया को पूरी करने के लिए वरिष्ठ सदस्य हेमलाल यादव को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। इनके मार्गदर्शन में गुरुदेव यादव को ग्राम सभा खरौद का विधिवत नया अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। पूर्व प्रांत अध्यक्ष वेदराम यादव ने निर्वाचन पश्चात गुरुदेव यादव को शपथ दिलाई। साथ ही गुरुदेव यादव को ग्राम सभा खरौद का नया अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में सब के सहयोग से समाजहित में अपना संपूर्ण योगदान प्रदान करने का आश्वासन दिया। सम्मेलन में शिवरात्रि यादव,बद्री, राजेश ,शिवनारायण, नारायण ,अशोक कुमार, रोहित यादव ,रवि शंकर, दिलीप कुमार,दिनेश कुमार,लक्ष्मी प्रसाद, बलराम ,केदारनाथ, कुलदीप ,मनहरण, रामकुमार ,रामराज, सुदर्शन,विनोद कुमार, श्री राम, चमरू,ईश्वरी यादव, नितिन,योगेंद्र ,कमलेश, राजेंद्र कुमार, देवदत्त यादव,कांति यादव, श्री राम, रामचंद्र , महेत्तर, गौरी शंकर ,कोमल यादव, नवल कुमार, बिजेंद्र कुमार ,देवी यादव, मेघवंत ,भारत लाल, रमेश कुमार, नारायण, रामकुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय पर्यटन मंत्री को सौंपा नगर विकास का डीपीआर मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से नई दिल्ली में शिवरीनारायण के विकास एवं सांस्कृतिक संवर्धन के विषय में सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर शिवरीनारायण नगर पंचायत के अध्यक्ष राहुल थवाईत तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

भेंट के दौरान शिवरीनारायण की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई तथा नगर के समग्र विकास के लिए तैयार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन मंत्री को सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा उन्हें शिवरीनारायण आगमन हेतु सादर आमंत्रित भी किया गया। इस अवसर पर ऋतेश्वर का आशीर्वाद भी दूरभाष के माध्यम से मंत्री को प्राप्त हुआ। सद्गुरु श्री ने शिवरीनारायण की आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहीं वह पावन भूमि है, जहाँ भीलनी माता शबरी के प्रेम से अर्पित झूठे बेर भगवान श्री राम ने स्वीकार किए थे। यह प्रसंग भारतीय संस्कृति में समानता, समरसता और सामाजिक एकता का अद्वितीय संदेश देता है। समाज में व्याप्त जातिगत विभाजन और वर्ग संघर्ष जैसी चुनौतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। भेंट के दौरान माता शबरी मंदिर शिलान्यास, त्रिवेणी वाटर स्पोर्ट्स के शुभारंभ, इनडोर स्टेडियम के लोकार्पण तथा शिवरीनारायण महाआरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने आमंत्रित किया। मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए शिवरीनारायण आगमन के लिए 10 से 20 अप्रैल के मध्य, संभावित तिथि 15 अप्रैल निर्धारित करने पर सहमति प्रदान की। यह भेंट शिवरीनारायण को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री से मुलाकात करते जनप्रतिनिधि।

### रेलवे स्टेशन में जरूरतमंद लोगों को किया भोजन पैकेट का वितरण

**अकलतरा।** दिवंगत जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21 एवं कृषि विभाग के सभापति स्व. संकर्षण सिंह चंदेल की स्मृति में परिवार एवं मित्र जनों के द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को एवं रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंद लोगों को भोजन पैकेट का वितरण किया गया। गौरतलब है कि ग्राम सांकर निवासी धनंजय सिंह चंदेल के पुत्र एवं जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 के सदस्य संकर्षण सिंह चंदेल का 3 माह पूर्व ही विवाह हुआ था एवं 14 फरवरी को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। 10 मार्च को 33वी जन्मजयंती के अवसर पर उनके परिवार एवं मित्र गण के द्वारा अकलतरा नगर के रेलवे स्टेशन में गरीबों को एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में मरीजों को भोजन पैकेट वितरण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। ग्राम सांकर निवासी धनंजय सिंह चंदेल के पुत्र एवं जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 के सदस्य संकर्षण सिंह चंदेल का 3 माह पूर्व ही विवाह हुआ था एवं 14 फरवरी को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वहीं परिजनों के द्वारा अकलतरा नगर के रेलवे स्टेशन में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन पैकेट का वितरण किया गया।

## विभिन्न मामलों को लेकर कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भाजपा छत्तीसगढ़ को नशागढ़ और अफीम चटाकर "उड़ता छत्तीसगढ़" बना रही है विरोध में भाजपा कार्यालय घेराव चांपा छत्तीसगढ़ की पहचान धान का कटोरा के रूप में रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश को नशे का कटोरा और अफीम चटाकर "उड़ता छत्तीसगढ़" बनाने की दिशा में काम करती दिखाई दे रही है। इसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के पूर्व पदाधिकारी वर्तमान में चावल संस्करण प्रकल्प के अध्यक्ष विनायक ताम्रकार व्यक्ति द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया है। इससे स्पष्ट होता है कि राज्य की भाजपा सरकार नशे के कारोबार

- गांजा, अफीम व शराब का युवा कर रहे धडल्ले से उपयोग

को संरक्षण दे रही है और प्रदेश के युवाओं को नशे की ओर धकेलने का काम कर रही है पिछले दो वर्षों में शराब, गांजा, अफीम और हेरोइन जैसे सुखे नशे के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में नशे की लत गंभीर रूप ले चुकी है। जिससे प्रदेश की सामाजिक व्यवस्था और युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। गुप्ता ने सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों के खेतों की गीदावरी की गई थी और धान बेचने के समय प्रशासनिक अधिकारी किसानों के खेत, कोठार और घरों में जाकर धान का भौतिक सत्यापन किया था तो ऐसे में लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती होने के बावजूद प्रशासन को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई। इन सभी सवालों का जवाब भारतीय जनता पार्टी को देना होगा इसी के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 12 मार्च को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में भाजपा कार्यालयों का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में जांजगीर-चांपा रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय का घेराव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में 12 मार्च को शाम 3 बजे किया जावेगा जिसमें जिले के सभी विधायक गण, पदाधिकारी जनप्रतिनिधि गण कांग्रेस के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## विकास कार्य को समय सीमा के भीतर कराने पर देंगे जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

नगर पंचायत सीएमओ का स्थानांत्रण होने पर बाराद्वार नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को समारोह पूर्वक उन्हें विदाई दी गई एवं नये सीएमओ मनोज कुमार कश्यप को पुष्प गुच्छ देते हुए माला पहनाकर उनको स्वागत किया गया।

सारंगढ से बाराद्वार आये नये सीएमओ मनोज कुमार कश्यप ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाराद्वार के नये सीएमओ मनोज कुमार कश्यप ने कहा कि सीएमओ पुनीत कुमार वर्मा का ट्रांसफर खैरागढ हो जाने के बाद भी उनके अनुभव का लाभ हमें मार्गदर्शन के रूप में हमेशा मिलता रहेगा। सभी नागरिको के सहयोग से नगर को स्वच्छ बनाना एवं नगर विकास के कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराना मेरी प्राथमिकता रहेगी। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में नगर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधी एवं स्टाफ के द्वारा पुनीत कुमार वर्मा को साल, श्रीफल देकर व माला पहनाकर उनका सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर बाराद्वार नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, पार्षद अजय ठाकुर, भरत कर्ष, अमित बरेठ, अभिषेक राय, राजेश साहू, किर्तीसागर बरेठ, आनंद शर्मा, लक्ष्मण देहारी, छत्तराम भैना, विनय राणा, नंदकुमार राठौर, अनिल कुमार, देवप्रसाद बरेठ, संतोष साहू, सुनीता राठौर, गणपत राम, लक्ष्मीन बाई सहित नप स्टाफ एवं जनप्रतिनिधी उपस्थित थे।




लीनेस क्लब द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

# समाज में समानता और सहयोग की भावना को मजबूत कर रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लीनेस अध्यक्ष सरिता शर्मा के निवास स्थान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण, प्रगति और राह में चुनौतियां विषयक इस कार्यक्रम में लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या के सदस्यों ने भाग लिया।

लीनेस अध्यक्ष सरिता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लैंगिक समानता और महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक योगदान का जश्न मनाना है। लीनेस क्लब की अध्यक्ष होने के नाते मुझे गर्व है कि हम सब मिलकर समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंदों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ मदद करना नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना भी है। लीनेस सचिव जूही गौरहा ने कहा कि आज हम अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मान देने का दिन है। एक महिला केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं होती, बल्कि वह समाज और राष्ट्र के विकास की भी मजबूत नींव होती है। लीनेस कोषाध्यक्ष नामिशा थवाईत ने कहा कि आइए, इस महिला दिवस पर हम यह संकल्प लें कि हम एक-दूसरे का साथ देंगे, हर महिला के सम्मान की रक्षा करेंगे और समाज में समानता और सहयोग की भावना को मजबूत करेंगे। लीनेस उपाध्यक्ष कल्पना केशरवानी ने कहा कि समाज और राष्ट्र भी आगे बढ़ता है। लीनेस मधु शर्मा ने कहा कि आज का भारत केवल महिलाओं के कल्याण तक सीमित नही है बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर अग्रसर है । संगोष्ठी में लीनेस गंगा गट्टानी,लीनेस प्राची पाण्डेय, सुनीता गट्टानी, छवि जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अंत मे सदस्यों ने एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मिलन का कार्यक्रम किया।



अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित महिलाएं।

